# तस्करी व आर्म्स एक्ट मामले में फरार चालीस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर काटुन्दा मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर बाड़मेर जिले के थाना गुड़ामालानी में एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे 40 हजार रुपए के इनामी बदमाश बाबूलाल धाकड़ (34) निवासी बेंगू जिला चित्तौड़गढ़ को चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर काटुन्दा मोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि शातिर बदमाश बाबूलाल धाकड़ को चित्तौड़गढ़ के बेंगू थाने की कस्टडी में रख दस्तयाबी के बारे में थाना गुड़ामालानी पुलिस को सूचित कर दिया गया है। बेंगू थाने से गुड़ामालानी पुलिस आरोपी को अपने मामले में साथ ले गई है। आरोपी मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, इंदौर में फरारी काट रहा था, जिसके होली पर गांव आने की एजीटीएफ टीम को सूचना मिली थी।

एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि बाड़मेर के गुड़ामालानी थाने में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित 40 हजार का इनामी बाबूलाल धाकड़ मध्यप्रदेश में फरारी काट रहा है, जो होली के त्योहार पर अपने गांव हरिपुरा थाना बेंगू आएगा। सूचना की पुष्टि के बाद मंगलवार को एजीटीएफ ने बेंगू से 7-8 किलोमीटर पहले चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर काटुन्दा मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी बाबूलाल धाकड़ को थाना बेंगू की कस्टडी में रखा गया था, जहां से गुड़ामालानी थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू एवं पारसोली थाने में भी डकैती, महिला का अपहरण कर यौन शोषण, मारपीट सम्बन्धी चार आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज है।

**यह है मामला :-** गत वर्ष 13 अप्रैल 2024 को थाना गुड़ामालानी व डीएसटी टीम द्वारा लूणवा चारणान गांव में पप्पू उर्फ नरेश कुमार विश्नोई पुत्र गंगाराम के घर दबिश देकर 15.782 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध, एक पिस्टल जिसमें एक खाली मैग्जीन लगी हुई व एक मैग्जीन में चार जिन्दा कारतूस भरे हुए जब्त किए थे। बरामद मादक पदार्थ व हथियार के बारे में आरोपी पप्पू उर्फ नरेश ने बताया कि अफीम का दूध उसने बाबूलाल धाकड़ एवं हथियार व कारतूस साल 2016 में हरिकिशन बिश्नोई निवासी सेवड़ी से 37 हजार रुपये में खरीदे थे। मामले में आरोपी बाबूलाल धाकड़ की गिरफ्तारी के लिए आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार द्वारा गत 6 मार्च को 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मदनलाल, अरुण कुमार एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार व श्रवण कुमार की विशेष भूमिका रही।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने फरार चल रहे इनामी बदमाश को पकड़ा।

- **बाड़मेर जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी व आर्म्स एक्ट के मामले में एक साल से वांछित था**
- **मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, इंदौर में फरारी काट रहा था, होली पर गांव आने की सूचना मिली थी**

## सड़क हादसे में दो घायल

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर मंगलवार देर शाम मूंडिया गांव के पास एक कार ने मोटरसाइकिल के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक मजदूर महिला एवं बाइक चालक घायल हो गया।

सदर थानाप्रभारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि गांव गुंसी निवासी पूजा देवी पत्नी सीताराम मीणा अपने गांव से निवाई बायपास के नजदीक एक पत्थर फैक्ट्री में मजदूरी करने आती है। मंगलवार शाम को वह छुट्टी होने के बाद एक अंजान मोटरसाइकिल चालक के साथ अपने घर जा रही थी। इसी दौरान मूंडिया गांव के नजदीक एक कार चालक ने बाइक के पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक को हल्की चोटें आई लेकिन महिला गंभीर घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। फरार कार चालक को गुंसी चौकी के पास पकड़ कर पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

## अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** अवैध मादक पदार्थों पर मालपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की। थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि बुधवार को थाने की विशेष पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम करते हुये किशनपुरा निवासी रामलाल जाट के कब्जे से 151.44 ग्राम अवैध अफीम जप्त कर कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की।

## सैल्समेन के साथ मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने शराब ठेके के सैल्समेन से मारपीट कर बाइक छीनकर जलाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मारपीट कर 27 हजार रुपए भी छीनकर ले गए थे। थानाधिकारी गोपाललाल जांगिड़ ने बताया कि एक फरवरी को माधोगढ़ थाना बबाई निवासी विकास कुमार पुत्र मूलचन्द गुर्जर ने थाना पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि वह रवां गांव में शराब की दुकान में सैल्समेन का काम करता है। वह 27 हजार रुपए लेकर शादी का प्रोग्राम में जाकर वापिस खेतड़ी गोदाम पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में विकास उर्फ कालू पुत्र मामन सिंह, हरकेश पुत्र सुमेर सिंह, रवि उर्फ पारलेजी पुत्र महेश निवासी रोजड़ा रोड पर उसे रुकवाकर उसके साथ मारपीट की और बाइक व रुपए छीन लिए। इसके बाद आरोपियों ने थोडी दूर आगे ही उसकी बाइक को पेट्रोल डालकर आग लगाकर बाइक जला दी।


- **आरोपियों ने बाइक को पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी और 27 हजार रुपए ले गए थे**

थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एक विशेष टीम का गठन कर पुलिस ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल रोजड़ा निवासी विकास उर्फ कालू पुत्र मामन सिंह गुर्जर व रवि उर्फ पारले पुत्र महेश चन्द मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से घटना में छीने गये रूपयों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं तथा अन्य घटनाओं के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी गोपाललाल, एसआई बनवारीलाल, एचसी संदीप कुमार, कांस्टेबल महेश कुमार आदि शामिल थे।

# लाम्बिया टोल प्लाजा पर डिवाइडर से कार टकराई, सात जने घायल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र के लांबिया कला टोल प्लाजा पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर (सुरक्षा प्लास्टिक बुलॉज बेरियर) से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार परखच्चे उड़ गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार घायलों को बाहर निकाला। कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हाईवे एंबुलेंस की सहायता व 108 एम्बुलेंस से रायला की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर भीलवाड़ा रेफर किया।

- **टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा**
- **उदयपुर का रहने वाला परिवार अपनी मां की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जन कर लौट रहा था**



हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

रायला थाना प्रभारी बछराज चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि उदयपुर का रहने वाला परिवार अपनी मां की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जन कर उदयपुर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर लांबिया टोल प्लाजा पर लगाए गए सुरक्षा प्लास्टिक बुलॉज बेरियर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धमाके की आवाज सुनकर आस पास मौजूद लोग मौके ही और भागे और कार में फंसे घायल अनीता पत्नी सत्यनारायण, देवरी उदयपुर, कमलेश पिता मधुदास निवासी उदयपुर, भारत पिता पूरणमल दास निवासी उदयपुर, सूर्यप्रकाश पिता गणेशदास निवासी उदयपुर, विष्णुदास पिता गोपालदास निवासी उदयपुर को कार से बाहर निकाल कर भीलवाड़ा एमजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार टोल पर लगाए गए प्लास्टिक बुलॉज बैरियर में पानी भरा होता है यदि बुलॉज की जगह अमूमन लगाए जाने वाले से बने बेरीकेडिंग होती हो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

## फायरिंग प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** टोंक सदर थाना क्षैत्र के अन्नपूर्णा डुगंरी इलाके में गत 17 फरवरी को हुई फायरिंग के प्रकरण में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सहित तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी जयमल ने बताया कि गिरफ्तार मुल्जिम शंकर गुर्जर उर्फ शंकर निवासी सोरण एवं 10 वांछित अपराधियों में से एक है, जिस पर 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित है। इस मामले में सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा मुख्य अभियुक्त के साथियों को भी डिटेन कर पूछताछ भी की गई। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर इन्द्रगढ़ जिला बून्दी के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी उर्फ शंकर सोरण की निशानदेही पर वारदात में शामिल अवैध देशी पिस्टल व बिना नम्बर की मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। घटना में अजय गुर्जर की जांघ के ऊपरी हिस्से में गोली लगने से घायल हुआ था, जिसका उपचार जयपुर किया गया।

# एसडीएम और पटवारी सहित 15 के खिलाफ मामला दर्ज

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के पूगल में पांच सौ हेक्टेयर से ज्यादा जमीन के फर्जी आवंटन के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज कर लिया है। जयपुर में दर्ज इस मामले में एसडीएम, पटवारी सहित पंद्रह कार्मिकों और 31 लाभार्थियों को नामजद किया गया है। इस तरह 46 लोगों पर फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज हो गई है।

आरोप है कि पूगल में तत्कालीन अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से 508.68 हेक्टेयर जमीन का फर्जी तरीके से आवंटन किया गया। करीब दो हजार बीघा भूमि के फर्जी आवंटन से राज्य सरकार को करीब चालीस करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अब इस मामले में एसीबी मुख्यालय से जांच की जा रही है। बीकानेर के छत्तरगढ़ और पूगल में जमीनों के फर्जी आवंटन को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इस पर जिला प्रशासन ने प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी को इस मामले की जांच सौंपी।

- **जमीन खरीदने वाले भी नामजद, पूगल में पांच सौ हेक्टेयर जमीन फर्जी आवंटन मामला**
- **46 लोगों पर फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज**

जांच में पता चला कि पूगल में कार्मिकों ने पद का दुरुपयोग करते हुए 31 लोगों को भूमि आवंटित कर दी। इससे सरकार को चालीस करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। जांच रिपोर्ट मिलने पर जिला कलेक्टर ने इनके खिलाफ मामला दर्ज करने की अनुमति दी। राजस्व विभाग के आदेश पर तत्कालीन पंद्रह कार्मिकों व 31 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बीकानेर चौकी के एएसपी महावीर प्रसाद शर्मा की रिपोर्ट पर मुकदमे की जांच स्पेशल यूनिट के एएसपी आशीष कुमार को सौंपी गई है। घोटाला करते हुए करणीसर भाटियान, बांदरेवाला, बरजू, दीनसर, सुरासर में जमीनें आवंटित कर दी गई। अब प्रशासन ने पिछले दस साल में हुए आवंटन की जांच के लिए भी अलग से कमेटी बना दी है।

पूगल की तत्कालीन एसडीएम सीता शर्मा, तत्कालीन एसडीएम मनोज खेमदा, तत्कालीन तहसीलदार रामेश्वर लाल गढ़वाल, तत्कालीन तहसीलदार अदित्या, तत्कालीन तहसीलदार सेवानिवृत कालूराम, तत्कालीन तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल, तत्कालीन तहसीलदार राजेश कुमार शर्मा, तत्कालीन भू अभिलेख निरीक्षक इकबाल सिंह, अभिलेख निरीक्षक जयसिंह चौहान, तत्कालीन ऑफिस कानूनगो भंवरराम मेघवाल, तत्कालीन पटवारी राजेंद्र कुमार स्वामी, तत्कालीन पटवारी विकास पूनिया, लूणाराम, मांगीलाल के खिलाफ एसीबी ने मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने से पहले ही रणवीरसिंह का निधन हो चुका है।

# सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में पुलिस ने मायरा भरा

**सूरतगढ़, (निसं)।** यहां अंबेडकर भवन में एक विवाह समारोह में पुलिसकर्मी मायरा भरने के लिए पहुंचे। इस दौरान इसे देखने के लिए आसपास के लोग एकत्रित हो गए। सदर थाना पुलिस ने अपने सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए थाने के एक सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मायरा भरा। इस दौरान थाना अधिकारी सहित पुलिसकर्मियों ने परिवारजनों को 71000 की राशि और उपहार स्वरूप घरेलू सामान भेंट कर आशीर्वाद दिया।

थानाधिकारी रमकुमार लेघा ने कहा कि पुलिस भी समाज का एक हिस्सा है, ऐसे में सामाजिक परंपराओं के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए थाने के पूरे स्टाफ ने अपने सफाई कर्मचारी दीपक चांगरा की बेटी प्रीति की शादी में पहुंचकर चुनरी ओढ़ाते हुए नगदी और घरेलू सामान उपहार किया। इस दौरान थानाधिकारी रामकुमार लेघा, एएसआई राजकुमार कटारिया, एएसआई सोहनलाल, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह बन्ना, हेड कांस्टेबल रामकुमार, हेड कांस्टेबल सज्जन कुमार सहित थाना का स्टाफ मौजूद रहा। वहीं, वाल्मीकि समाज के रमेश अठवाल, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश अठवाल, द्वारका प्रसाद चांगरा, राकेश अठवाल, विजय, शम्मी कपूर, नवीन चांगरा, मंगतू राम, अजय सहित रिश्तेदारों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने सदर थाना प्रभारी रामकुमार लेघा और उनके स्टाफ की प्रशंसा की।


**हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय**
राजीव गाँधी विद्या भवन, शिक्षा संकुल जयपुर

क्रमांक :- प.5(8)एचजेयू/जीएडी/6146 दिनांक :- 11/03/2025

**बोली आमंत्रण सूचना**

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से, पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता संस्था/एजेन्सी से मैनपावर सेवाऐं वित्तीय वर्ष 2025-56 के लिए (अनुमानित लागत राशि रूपये 19.00 लाख रूपये 01 वर्ष के लिए) उपलब्ध करवाने हेतु E Procurement के माध्यम से online खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण/शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विष्वविद्यालय की वेबसाईट https://www.hju.ac.in पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र इन्हीं वेबसाईट से दिनांक 11.03.2025 को दोपहर 02.00 बजें से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण भरा बोली प्रपत्र मय दस्तावेज दिनांक 22.03.2025 को दोपहर 2.00 बजें तक E Procurement वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। UBN No.: HJU2425SLOB00007, NIB Code: HJU2425A0008

राज.संवाद/सी/24/13191 कुलसचिव

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल मनोहरपुर, जिला -जयपुर (राज)**
Email id-nagarpalikamanoharpur@gmail.com

क्रमांक : - न.पा.मनो./स्टोर/2024-25/217 दिनांक- 07/03/2025

**ई-निविदा सूचना -न.पा.मनो./स्टोर/2024-25/214**

नगरपालिका मनोहरपुर की ओर से निमंलिखित कार्य के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा website www.sppp.raj.in/eproc.rajasthan.gov.in से download कर देखी /प्राप्त की जा सकती है RTPP एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके NIB Code व UBN No. इस प्रकार है

| S.NO | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1. | DLB2425A6240 | DLB2425SLOB19634 |
| 2. | DLB2425A6240 | DLB2425SLOB19635 |

राज.संवाद/सी/24/13066 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मनोहरपुर

**Livestock Research Station Dag, Jhalawar**
(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences)

No. :- F.6 ( ):OI/Dag/LRS/RAJUVAS/AHDP/2024-25/303 Date :- 10/03/2025

**Open Tender Notice OGT- 01 (2024-25)**

Sealed Tenders are invited from eligible original manufacturers / distributors for open general tender for sale of "Cow Milk". Tender application will be open for submission from 10-03-2025 to 26.03.2025 (11.00 AM) and after this bids will be opened by tender opening committee at LRS, Dag on 26.03.2025 at 12.30 P.M. onwards.

Detailed Terms & Conditions for the tender are available on State Procurement Portal website http://www.sppp.raj.nic.in and University website www.rajuvas.org. The Incharge, LRS Dag holds right to reject one or more tender. The Bids / Tenders not fulfilling prescribed terms & conditions or submitted after due date shall be rejected.

UBN No.: VAU2425GLOB00138

Raj.Samwad/C/24/13081 INCHARGE

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/276 - 278 Date :- 10/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 76/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत/कार्य का नाम | रूपये 30.00 लाख (Consultancy Work for Preparation of Detailed Project Report for Re-Engineering of Balicha Junction in Udaipur.) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 11.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 20.03.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 11.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 20.03.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 21.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/24/13071 UBN No. :- ITU2425SLOB00512 अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ

**कार्यालय मुख्य अभियंता एवं महानिदेशक, सिंचाई प्रबन्थन एवं प्रशिक्षण संस्थान, दादाबाडी रोड, कोटा**
टेलीफोन नं. 0744-2500682 Email: ceimti.kota@rajasthan.gov.in

क्रमांक-मु.अ.एवंमहा.निदे./आई.एम.टी.आई./निविदा/2024-25/765-775 दिनांक-05.03.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 09 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य (कुल 7 आईटम) अनुमानित लागत राशि रू. 52.85 लाख हेतु अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं ऑनलाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक से दिनांक 10.03.2025 प्रात 11.00 बजे से 19.03.2025 सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड किये जाकर ऑनलाईन निविदाएं इसी वेबसाइट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा दिनांक 19.03.2025 सायं 6.00 बजे तक अपलोड (जमा) की जा सकेगी। वेबसाइट पर निविदा दिनांक 20.03.2025 को सायं 3.00 पी.एम. बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर निविदाएं खोली जावेगी।
उपरोक्त निविदा www.dipr.rajsthn.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.water.rajasthan.gov.in/imti पर भी उपलब्ध है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
NIB Code: WRD2425A0502

| कार्य की क्र.सं. | कार्य का यू.बी.एन. नम्बर | कार्य की क्र.सं. | कार्य का यू.बी.एन. नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1. | WRD2425WSRC01772 | 5. | WRD2425WSRC01777 |
| 2. | WRD2425WSRC01773 | 6. | WRD2425WSRC01778 |
| 3. | WRD2425WSRC01774 | 7. | WRD2425WSRC01779 |
| 4. | WRD2425WSRC01776 | | |

उप निदेशक एवं तकनीकी सहायक वास्ते मुख्य अभियन्ता एवं महानिदेशक सिंचाई प्रन्थन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा

DIPR/C/3445/2025

**कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द**

क्रमांक :- एफ () नपरा/इंजी/ई निविदा/23/2024-25/9489 दिनांक :- 11/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 23/2024-25**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है। UBN No. :- DLB2425WSOB19984, DLB2425WSOB19990

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 2 |
| कार्यों की अनुमानित लागत | 89.30 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 11.03.2025 06:00 पीएम |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 12.03.2025 09:00 एएम |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 24.03.2025 06:00 पीएम |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 25.03.2025 01:00 पीएम |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 25.03.2025 04:00 पीएम |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधि | नियमानुसार |

राज.संवाद/सी/24/13090 सभापति नगर परिषद राजसमन्द आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

क्रमांक :- 1972 - 1988 दिनांक :- 11/03/2025

**निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति सवाई माधोपुर की मुख्य मण्डी प्रांगण व गौण मण्डी प्रांगण मे चौकीदारी ठेका व सफाई कर्मी ठेका, किसान भवन व्यावसायिक दुकान 5 वर्षीय दर अनुबन्धित ठेका, किसान कलेवा ठेका तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर (जॉब बेसिस आधार पर) पर लेने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/व्यक्तियों से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/03/2025 से 24/03/2025 को सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदाऐं अन्तिम दिनांक 24.03.2025 को सांय 6:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदा से संबंधित बोली प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव बोली प्रतिभूति राशि के ड्राफ्ट/बैंकर चैक भौतिक रूप से दिनांक 25.03.2025 को सायं 04:00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय स.मा. में जमा कराया जाना आवष्यक है। इसके पश्चात् प्राप्त डी0डी0/बैंकर चैक को निविदाओं में शामिल नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदाऐ दिनांक 26.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदाओं के सम्बन्ध में अन्य विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in, e-procurement.rajasthan.gov.in पर और विभागीय वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in/content/agriculture/en/RAM-dep/tenders/Tenders2024.html पर देखी जा सकती हैं। उक्त निविदाएं ऑनलाईन ही स्वीकार्य होगी।

UBN NO- DAM202425SLOB01377, DAM202425SLOB01378, DAM202425SLOB01379, DAM202425SLOB01380, DAM202425SSOB01381
NIB NO- DAM202425A0672

राज.संवाद/सी/24/13136 प्रशासक सचिव

**LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL**
(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

No. F ( )/LRS Beechwal/2024-25/503 Dated :- 10/03/2025

**दुग्ध विक्रय - निविदा सूचना**

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, बीकानेर, राजस्थान पर थारपारकर गायों के दूध का विकय 01.04.2025 से 31.03.2026 के लिए किया जाना है अतः संबंधित इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न लिखित है:

| क्र. सं. | अनुबंध के कार्य | निविदा प्रपत्र शुल्क | अनु. वार्षिक मूल्य (रुपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र के बीछवाल स्थित फार्म से थारपारकर गाय का प्रातः एवं सांय 01.04.2025 से 31.03.2026 तक दुग्ध विक्रय करना। | रु. 500.00 | रु. 4000000.00 (40 लाख) | रु. 80000.00 | 24.03.2025 (दोपहर 12.30 बजे तक) | 24.03.2025 (दोपहर 3.30 बजे) |

उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र 10.03.2025 से 24.03.2025 प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय समय में प्रभारी अधिकारी, कार्यालय पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, वेटनरी कॉलेज परिसर, बीकानेर, से प्राप्त कर अन्तिम तिथि एवं समय (24.03.2025 को शाम 12.30) तक बोली प्रतिभूति राशि नगद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट राशि सहित जमा कराये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://rajuvas.org एवं https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php पर देखी जा सकती है।

(UBN- VAU2425GLOB00142)

राज.संवाद/सी/24/13073 प्रभारी अधिकारी

**MUNICIPAL BOAR, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No. :- M.B.Nath/Nirman/25/17911 Date :- 07/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 68/2024-25 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to date 20/03/2025 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – DLB2425WSOB19863

Raj.Samwad/C/24/13103 Commissioner

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल राजलदेसर, जिला चुरू (राज.)**
E-Mail :- raj.churu.bika@gmail.com, Phone Number :- 01567-294504

क्रमांक :- न.पा.रा./2025-26/4919 दिनांक :- 11/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 01 Work is invited from interested bidders up to 17-03-2025, 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in).

NIB Code - DLB2425A6301, UBN Code - (DLB2425SSRC19886)

राज.संवाद/सी/24/13095 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजलदेसर

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :- न.प.टोंक/निर्माण/2024-25/13245 दिनांक :- 11/03/2025

**ई-निविदा सूचना - 18/2024-25 (NIB No. DLB2425A6308)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 24.03.2025 सांय 6.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। अन्य विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. - DLB2425WSOB19903

राज.संवाद/सी/24/13092 आयुक्त, नगर परिषद टोंक अति. जिला कलक्टर, एवं प्राधिकारी/प्रशासक

**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482 (Regd. Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004) Office of The Superintending Engineer (MM) Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004)

**Short Term "E" TENDRING INVITING TENDER NOTICE**

"E"- TENDERING ARE INVITED FOR Supply of Ring Type LT CT 60/5, Ring Type LT CT 75/5, Ring Type LT CT 100/5, Ring Type LT CT 150/5, Ring Type LT CT 200/5 TN-2022, Photo Copy Paper A-4 Size, File Pad, File Cover with Lace TN-2023, EMD and date of uploading /opening of tender and G.C.C. etc WILL be available at web site www.avvnl.com & http://eproc.rajasthan.gov.in. UBN No.: AVV2425GLOB0086

Raj.Samwad/C/24/13195 Superintending Engineer (MM)

**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- 4751 Dated :- 11/03/2025

**NIT : 04/2024-25**

Bids for 1. Operation & Maintenance of street light fixtures in CHS S.V.Nagar Kota 2. CHS Kunhari Kota 3. CHS Ramganjmandi Distt. Kota 4. CHS Nainwa & Lakheri Distt Bundi (for Two years) 5. Plantation work & maintenance for 5 years in CHS Swami Vivekanand Nagar, Kota 6. CHS Lakheri, Distt. Bundi (5 years maintenance) 2024-25 are invited from interested bidders from 17.03.2025 to 26.03.2025. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb Department Website.

UBN No. :- RHB2425WSOB00362 To RHB2425WSOB00367

Raj.Samwad/C/24/13164 Dy. Housing Commissioner, Kota

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/4839 दिनांकः- 10.03.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Annual Work is invited from interested bidders upto 17-03-2025, 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)
NIB Code - DLB2425A6262
UBN Code – (DLB2425GSRC19763), (DLB2425SSRC19723), (DLB2425SSRC19726), (DLB2425SSRC19730), (DLB2425SSRC19735), (DLB2425SSRC19744), (DLB2425SSRC19748), (DLB2425SSRC19756), (DLB2425SSRC19758), (DLB2425SSRC19759), (DLB2425SSRC19760), (DLB2425SSRC19761), (DLB2425SSRC19767)

राज.संवाद/सी/24/13062 अधिशाषी अधिकारी